2022-23 में भारत में मसूर की औसत उपज चीन की तुलना में 65% कम

2022-23 के रबी फसल वर्ष के दौरान भारत में मसूर की औसत उपज चीन से 65% कम थी, जिसने दुनिया में सबसे अधिक उत्पादकता दर्ज की। 2022-23 में भारत की औसत मसूर की उपज थी 899 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर।

खाद्य और कृषि संगठन कॉर्पोरेट सांख्यिकीय डेटाबेस (एफ ए ओ एस टी ए टी) के आंकड़ों के अनुसार, चीन की औसत उपज 2,570 किग्रा प्रति हेक्टेयर थी। चीन सहित मसूर की सबसे अधिक औसत उपज वाले देश हैं ऑस्ट्रेलिया (1,738 किग्रा प्रति हेक्टेयर), कनाडा (1,341 किग्रा प्रति हेक्टेयर), बांगलादेश (1,320 किग्रा प्रति हेक्टेयर) और तुर्किए (1,299 किग्रा प्रति हेक्टेयर)।

2022-23 के दौरान अगर भारत की राज्य-वार मसूर की औसत उपज की बात करें तो बिहार की उपज सबसे अधिक थी जो कि 985 किग्रा प्रति हेक्टेयर थी। यह भी चीन से 61.7 % कम थी।

बिहार के बाद, मध्य प्रदेश (971 किग्रा प्रति हेक्टेयर), पश्चिम बंगाल (960 किग्रा प्रति हेक्टेयर) और उत्तर प्रदेश (950 किग्रा प्रति हेक्टेयर) हैं।

आपको बता दें, भारत विश्व में दालों का सबसे बड़ा उत्पादक है। लेकिन भारत का दालों का उत्पादन देश की माँग पूरी करने के लिए काफ़ी नहीं है। सरकारी आँकड़ों के अनुसार, 2023-24 में भारत ने 16.8 लाख टन मसूर की दाल का आयात किया था।